दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 11 फरवरी 2020

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा नोडल अधिकारी नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा वर्ष 2020 में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा 2 मार्च से 31 मार्च 2020 तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर यशवंत कुमार ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### ब्लैक लिस्ट किए गए वाहनों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही के निर्देश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** संयुक्त कलेक्टर एवं जला परिवहन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन कार्यालय द्वारा समय-समय पर वाहनों को विभिन्न कारणों से यथा बकाया कर, अपराधिक मामलों इत्यादि कारणों से ब्लैक लिस्ट किया गया है। वर्तमान में ऐसे कुल 2781 वाहन है। उन्होंने संबंधितों को उक्त वाहनों को जप्ती कर इनके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने हेतु कहा है, ताकि बकाया कर की वसूली एवं अन्य मामलों का निपटारा हो सके।

### व्हीटीपी पाठ्यक्रम का निःशुल्क प्रशिक्षण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत व्ही.टी.पी.पाठ्यक्रम (इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक सॉल्यूशन पावर)का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू होगा। प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में आवेदन कर सकते है। पालीटेक्निक के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षणार्थी को आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अंक सूचियों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है।

### मुख्यमंत्री ने भूमकाल दिवस पर क्रांतिकारी गुंडाधुर को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भूमकाल स्मृति दिवस पर आदिवासी चेतना के प्रतीक, छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी शहीद गुंडाधुर को नमन किया है। श्री बघेल ने कहा है कि आदिवासियों के जल,जंगल और जमीन के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का आगाज करने वाले नायक गुंडाधुर का बलिदान हमेशा इतिहास में अमर रहेगा। उनकी स्मृति में मनाया जाने वाला भूमकाल दिवस सदा हमें शोषण के विरूद्ध आवाज बुलंद करने का साहस देता रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

» धान से बॉयो-एथेनॉल के उत्पादन के प्रस्ताव को जल्द सहमति देने का किया अनुरोध

» सरल और व्यवहारिक बनाने का आग्रह

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य में उपलब्ध अतिरिक्त धान से बॉयो-एथेनॉल के उत्पादन हेतु राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को भेजे गए प्रस्ताव पर जल्द से जल्द आवश्यक सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही धान आधारित बॉयो-एथेनॉल का विक्रय मूल्य शीरा, शक्कर, शुगर सिरप से उत्पादित एथेनॉल के विक्रय दर के समतुल्य रखने और राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 को बॉयो-एथेनॉल संयंत्रों की स्थापना में निवेश के इच्छुक निवेशकों के लिए सरल और व्यवहारिक बनाने का आग्रह भी किया है।

### मुख्यमंत्री ने नक्सली मुठभेड़ में शहीद जवानों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में नक्सली मुठभेड़ में 2 जवानों की शहादत पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने शहीद जवानों की आत्मा की शांति और परिवारजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। श्री बघेल ने बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में नक्सली मुठभेंड़ में घायल जवानों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# कड़ी मेहनत व पक्के इरादे से जीवन में मिलती है सफलता एस.पी. संतोष कुमार सिंह

» एनएस के राज्य स्तरीय शिविर सरिया में शामिल होकर कैडेट को किये संबोधित








**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह विकासखंड बरमकेला दिनांक 10.02.2020 को सरिया में एनएस के राज्य स्तरीय कैंप में छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने पहुंचे। कार्यक्रम के पूर्व एन.एस.एस. कैंप के छात्र-छात्राएं द्वारा श्रमदान से सरिया थाना परिसर की साफ सफाई किये। थाना प्रभारी सरिया द्वारा उन्हें थाना का भ्रमण कराया गया एवं पुलिसिंग के बारे में बताया गया। आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिंह ने छात्र-छात्राओं को नकारात्मक विचार न लाकर अपनी बौद्धिक क्षमता बढाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं पर चर्चा किए। अपने वक्तव्य में बताएं कि अनुशासन का जीवन में काफी महत्व है, छात्र जीवन से अनुशासन की प्रारंभिक शिक्षा प्रारंभ होती है कड़ी मेहनत और पक्के इरादे से ही जीवन में सफलता मिलती है। आज युवाओं का समाज में योगदान महत्वपूर्ण है इसलिए पढ़ाई एवं सामाजिक कार्यों में रुचि रखना आवश्यक हो जाता है। इस कैम्प से काफी कुछ सीख कर जायेगें कहते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकमनाएं दिया गया। इस दौरान जन प्रतिनिधि, शिक्षकगण, एवं काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ आयोजित

» विजेता धावक 12 फरवरी को आयोजित जिला स्तरीय मैराथन में होंगे शामिल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 2020/ खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायगढ़ विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। आज प्रातः 7.30 बजे टीवी टॉवर रोड डिग्री कालेज के सामने से प्रारंभ हुई यह मैराथन दौड़ को जनपद सीईओ सागर सिंह ने हरी झण्डी दिखाई। पुरूष वर्ग के लिए 10 कि.मी. एवं महिला वर्ग के लिए 5 कि.मी. की दूरी निर्धारित थी।



सहायक संचालक खेल युवा कल्याण विभाग रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला वर्ग में प्रथम-विभूति बाग, द्वितीय-दिसी कुजूर एवं तृतीय स्थान सलमा कुजूर ने प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में प्रथम-धनेश कुमार, द्वितीय-प्रदीप केरकेट्टा तथा राजू बरेठ तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। विजेता धावक आगामी 12 फरवरी को रायगढ़ आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मैराथन दौड़ में भाग लेंगे।

## तीन ट्रैक्टर में लोड 145 क्विंटल अवैध धान जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारंगढ़ क्षेत्र में एक मर्तबा फिर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध धान के परिवहन, संग्रहण पर निगरानी रखने हेतु गठित विशेष टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 03 ट्रेक्टर में लोड 363 कट्टा(बोरी)145 क्विटल धान को पकड़े हैं।



जानकारी के मुताबिक टीम में कार्यरत प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संतोषी राइसमिल सारंगढ़ के संचालक संजय अग्रवाल द्वारा 03 ट्रेक्टर अवैध रूप से धान अपने राइसमिल रानीसागर में खाली कराया जा रहा है।

इस सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर रेड किया। पूछताछ में तीनो ट्रेक्टर के ड्राइवर ने बताया कि ग्राम अमलिपाली से धान लोड कर संतोषी राइसमिल सारंगढ़ में संजय अग्रवाल के यहां लाये हैं जो बिना मंडी अनुज्ञा के धान खाली करा रहे थे।

पुलिस टीम द्वारा मंडी सचिव को अवगत कराते हुए तीनो ट्रेक्टर में लोड 363 कट्टा(बोरी)145 क्विटल लगभग धान को मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु मंडी विभाग के सुपुर्द किया गया है।

## संयुक्त कार्यवाही अभियान





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** माननीय परिवहन मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 19.09.2019 को आयोजित सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए गए निर्देश के अनुरूप पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन मे यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग की टीम द्वारा राजकुमार मिंज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में दिनांक 10.02.20 से 14.02.20 तक संयुक्त रूप से अभियान चलाकर यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी।

प्रथम दिवस यातायात पुलिस द्वारा 57 प्रकरण में 24500 रू. समन शुल्क रकम वसूला गया एवं परिवहन विभाग द्वारा 23 प्रकरण में 46640 रू. शमन शुल्क रकम जुमला 80 प्रकरण 71140 रु. शमन शुल्क रकम वसुल किया गया। संयुक्त कार्यवाही अभियान राजकुमार मिंज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा संपादित की गई। उपरोक्त संयुक्त कार्यवाही अभियान दिनांक 14.02.20 तक परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा।

### नाबालिक वाहन चालक कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने नाबालिक वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा दिनांक 09.02.20 को कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रकरण तैयार कर पेश किया गया। जिसमें प्रत्येक नाबालिक के पालकों को माननीय न्यायालय द्वारा 5000 - 5000 अर्थदंड से दंडित किया गया। 05 प्रकरण 25000 अर्धदण्ड ।

## निकल पड़ा है कारवां, ग्रामीण महिलाओं ने रची है कामयाबी की दास्तां

» शासन की बिहान योजना से महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मिला हौसला

» महिलाओं की सहभागिता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ की ग्रामीण परिवेश की महिलाओं ने कहा कि दिल में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो हम किसी की परवाह नहीं करते। कारवां बनाकर निकले और शासन की बिहान योजना से उन्हें हौसला मिला। ग्रामीण कर्मठ महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि ग्रामीण परिवेश में सामाजिक बदलाव ला रही है। महिलाओं की सहभागिता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती आ रही है। वे आपसी मेलजोल एवं सहभागिता के साथ महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी और सेवा, समर्पण एवं इच्छाशक्ति से उन्होंने



अपने अलग ही रास्ता बनाया है। यह उन अंतर्मुखी स्वभाव के महिलाओं की कहानी है, जिन्होंने अपने संकोच को दूर कर स्वावलंबन की राह पकड़ी।

**किसी बात की परवाह किए बिना आगे बढ़ती हूं-दिव्यांग गायत्री गुप्ता**

ग्राम बनोरा की गायत्री गुप्ता जय सर्वेश्वरी समूह की अध्यक्ष है, उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग है और उनकी एक आंख में रोशनी नहीं है। ऐसे में उन्हें जिंदगी चलाने में कठिनाई हो रही थी। पहले तो रोजी-मजदूरी कर रही थी, लेकिन उससे कुछ खास सफलता नहीं मिली। समूह में जुड़कर कार्य करने से बहुत फायदा हुआ और आत्मविश्वास बढ़ा। अब मैं किसी बात की परवाह किए बिना आगे बढ़ रही हूं। गांव में धान एवं परवल की खेती से बहुत लाभ हुआ है। मुर्रा एवं मूंगफली का लड्डू बनाकर रायगढ़ स्थित बिहान बाजार में विक्रय कर रही हूं।

**जी लेते है अब जिंदगी-श्रीमती राधा निषाद**

ग्राम बनोरा की श्रीमती राधा निषाद जय जगन्नाथ स्व-सहायता समूह में फायनेंसियल लिट्रेसी कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन है। उन्होंने बताया कि वे ग्रामवासियों को वित्तीय प्रशिक्षण देकर बैंक लिंकेज से जोड़ रही हैं, वहीं समूह की महिलाओं को बैंक से ऋण भी दिलवाती हैं और उन्हें बचत करने एवं बीमा की जानकारी भी देती हैं।

### युवती से दुष्कर्म जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ में दिनांक 10.02.2020 को 27 वर्षीय युवती द्वारा ग्राम कुसमुरा का कार्तिक चौहान द्वारा स्वयं को अविवाहित बताकर प्रेम संबंध बनाकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीडिता ने बताया कि प्राइवेट काम करती है। माह दिसम्बर 2018 में कार्तिक से जान परिचय हुआ था, कार्तिक अपने को कुवांरा बताकर शादी करने का प्रलोभन देकर प्रेम संबंध बनाया और घुमाने ले जाने के बहाने पहली बार ग्राम कलमी तरफ ले जाकर सूनसान जगह में शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद से शारीरिक संबंध बनाता रहा। शादी के लिये कहने पर टाल मटोल करता था तो शंका हुआ तब अपने जान परिचय के व्यक्तियों को बतायी और कार्तिक चौहान के घर अपनी मां के साथ गई तो पता चला कि कार्तिक चौहान शादीशुदा है जिसके तीन बच्चे है। कार्तिक चौहान शादी की बात को छिपा कर शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर दैहिक शोषण करने की रिपोर्ट पर आरोपी कार्तिक चौहान के विरूद्ध अप.क्र. 15/2020 धारा 376 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पर्यावरण विभाग की कार्यशैली पर कलेक्टर ने की नाराजगी जाहिर

» साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने भूमि स्वामी अधिकार पत्र वितरण योजना की समीक्षा की और समस्त एसडीएम को भूमि फ्री होल्ड कराने हेतु कैम्प लगाकर योजना का क्रियान्वयन करने को कहा।



घरघोड़ा व तमनार क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत के लिए स्वीकृत टेण्डरों के तहत शीघ्र कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश ईई पीडब्ल्यूडी को दिए और नियमित रिपोर्टिंग करने को कहा। उन्होंने ईई पीडब्ल्यूडी को मातृ शिशु चिकित्सालय की फेसिंग कार्य के लिए प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने को भी कहा। अस्पतालों में प्रसव उपरांत नवजात को यथाशीघ्र जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए संबंधित एसडीएम को उक्त कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए कहा। आवासीय कालोनियों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कर पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित करने के निर्देश ईई छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को दिए और कालोनी के लिए स्थान चयन के समय पानी की उपलब्धता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। धान खरीदी कार्य की समीक्षा के दौरान धान के स्टेकिंग नियमानुसार करने तथा बारदाना के सत्यापन के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने पर्यावरण विभाग के कार्यों जिले में स्थापित उद्योगों से विद्युत शुल्क की बकाया राशि की वसूली, ईअपशिष्ट प्रबंधन हेतु बनाए गए।

## वर्ष के पहले कॉप आफ द मंथ सरिया टी.आई. आशीष वासनिक एवं उनकी टीम

» विस्फोटक अधिनियम की कार्यवाही में 07 आरोपियों तक पहुंची टीम

**टी.आई. वासनिक एवं आरक्षक श्याम प्रधान एवं प्रशांत पंडा संयुक्त रूप से कॉप आफ द मंथ चुने गए**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सरिया टी.आई. वासनिक एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम कंचनपुर उडिसा मार्ग पर दिनांक 21.01.2020 को बोलेरो वाहन क्रमांक ओडिवीबी-6517 में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 350 किलो, 700 नग डेटोनेटर 4 बंडल सेफ्टी फ्युज वायर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपियों के विरूद्ध थाना सरिया में अपराध क्रमांक 08/2020 धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की कार्यवाही की गई थी। आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस टीम मुख्य आरोपी एवं विस्फोटक स्पलायर विजय नायडू तक पहुंची, उसके बाद से की गई छापेमारी में कुख्यात आरोपी अमृत पटेल निवासी टिमरलगा सारंगढ़ समेत कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, आरोपियों से भारी मात्रा में विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली।

सरिया पुलिस के इस उत्कृष्ट कार्य के लिये टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक आशीष वासनिक एवं पूरी कार्यवाही में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले आरक्षक श्याम प्रधान थाना सरिया एवं आरक्षक प्रशांत पंडा सायबर सेल को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कॉप ऑफ द मंथ 01/2020 के रूप में चयनित किये है जिन्हें पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उत्साहवर्धन हेतु नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480